an>

Title: Need to address the problems of powerloom sector of Ichalkaranji in Kolhapur district of Maharashtra.

श्री राजू शेट्टी (हातकणंगले) ः देश के मैनचेस्टर कहलाने वाले महाराष्ट्र के इचलकरंजी में कपड़ा उद्योग, यंत्रमाग उद्योग (पॉवरलूम इण्डस्ट्रीज) एक बुरे दौर से गुजर रहा है। आज अगर सरकार द्वारा इस इण्डस्ट्री की समस्याओं का हल निकालने हेतु कोई कारगर कदम नहीं उठाये गये तो इस इण्डस्ट्री की स्थिति और भी बुरी हो जाने की संभावना है।

आर्थिक मंदी के चलते सूती कपड़ों की खपत पर बुरा असर दिख रहा है, तो दूसरी ओर सटोरियों द्वारा फ्यूचर मार्केट का गैर वाजिब तरीकों का इस्तेमाल करने की वजह से सूती धागों की कीमतें आसमान छू रही है। इसका सीधा बुरा असर कपड़ा उद्योग पर दिखता है।

छोटे पॉवरलूम जिनकी बिजली की खपत 30 हॉर्सपॉवर से कम है, उनकी हालत तो और भी बुरी है। इचलकरंजी के एक छोटे पॉवरलूमधारक ने पिछले सप्ताह आत्महत्या की है। आज इचलकरंजी का पॉवरमूलधारक आन्दोलित है। उनकी वाजिब मांगों की तरफ हमें ध्यान देने की जरूरत है।

मेरी सरकार से पुरज़ोर विनती है कि देश में कृषि क्षेत्र के बाद सबसे ज्यादा रोज़गार निर्माण करने वाले कपड़ा उद्योग और छोटे पावरलूम धारकों को विशेष आर्थिक सहायता तुरंत देने की आवश्यकता है।

14.23 hours

GOVERNMENT BILLS- Passed